# दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी कक्षा : सप्तमी

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पाठ/प्रकरण का नाम :** | अपूर्व अनुभव | **समयावधि :** | 40 मिनट |
| **विद्यार्थी का नाम :** | ------------------------------------ | **पूर्णांक :** | 20 अंक |
| **अनुक्रमांक (रोल नं.) :** | ............. | **दिनांक :** | ....../....../..... |

**निर्देश:- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|**
**3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

प्र. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

*उस समय द्विशाखा पर खड़ी तोत्तो-चान द्वारा यासुकी-चान को पेड़ की ओर खींचते अगर कोई बडा देखता तो वह ज़रूर डर के मारे चीख उठता। उसे वे सच में जोखिम उठाते ही दिखाई देते। पर यासुकी-चान को तोत्तो-चान पर पूरा भरोसा था और वह खुद भी यासुकी-चान के लिए भारी खतरा उठा रही थी। अपने नन्हें-नन्हें हाथों से वह पूरी ताकत से यासुकी-चान को खींचने लगी। बादल का एक बड़ा टुकड़ा बीच-बीच में छाया करके उन्हें कड़कती धूप से बचा रहा था।*
*काफी मेहनत के बाद दोनों आमने-सामने पेड़ की द्विशाखा पर थे। पसीने से तरबतर अपने बालों को चेहरे पर से हटाते हुए तोत्तो-चान ने सम्मान से झुककर कहा, "मेरे पेड़ पर तुम्हारा स्वागत है।"* 1

1. **उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का नाम एवं लेखक हैं-**
(क) पाठ- शाम एक किसान ,लेखक-विजय तेंडुलकर
(ख) पाठ-अपूर्व अनुभव, लेखक- तेत्सुको कुरियानागी
(ग ) पाठ- नीलकंठ,लेखक-महादेवी वर्मा
(घ) पाठ-हिमालय की बेटियाँ, लेखक-नागार्जुन

2. **गद्यांश में 'द्विशाखा' किसे कहा गया हैं?** 1
(ङ) दस शाखाओं को
(च) दो दिशाओं को
(छ) उस स्थान को जहाँ से दो शाखाएँ अलग-अलग होती हैं
(ज) पेड़ की फुनगियों को

3. **प्रस्तुत गद्यांश में जिन बच्चों की बात हो रही हैं वे किस देश से संबंधित हैं -** 1
(क) जापान (ख) भारत
(ग) नेपाल (घ) चीन

**4. निम्नलिखित कथन  कारण को ध्यानपूर्वक पढिए और उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

कथन- (A) *उस समय द्विशाखा पर खड़ी तोत्तोचान को पेड़ की ओर -चान द्वारा यासुकी-खींचते अगर कोई बडा देखता तो वह ज़रूर डर के मारे चीख उठता।* 1

कारण- (R) क्योंकि *तोत्तोचान- अपनी क्षमता से बढ़कर कार्य कर रही थी* |

(क) कथन (A) सही है तथा कारण(R) गलत है |

(ख) कथन (A) तथा कारण(R) दोनों  गलत है |

(ग) कथन (A) गलत  कारण(R)  सही  है |

(घ) कथन (A) और  कारण(R) दोनों सही है तथा कारण कथन  की सही व्याख्या करता है|

**5. निम्न कथनों में से कौनसा कथन सही नहीं हैं  -** 1

(क) यासुकी चयन और तोत्तो चान दोनों जोखिम भरा काम कर रहे थे |

(ख) बादल का टुकड़ा दोनों को बीच-बीच में धूप से बचा रहा था|

(ग) यासुकी-चान  को तोत्तो चान  पर पूरा भरोसा नहीं था|

(घ) यासुकी-चान का तोत्तो चान  ने स्वागत किया |

**(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**6. निम्नलिखित में से 'आना' प्रत्यय  का उदाहरण नहीं है -** 1

(क) खजाना  (ख) धकियाना  (ग) सुलाना  (घ) रोजाना

**7. निम्नलिखित वाक्यों को क्रमानुसार लिखिए  -** 1

**(क) तोत्तो-चान/  संकल्पी/ लड़की/ दृढ़/ एक/ थी|**

उत्तर:-------------------------------------------------------------------------------

**(ख) बच्चे /संपत्ति/ अपने-अपने/ निजी/ पेड़/ को/ मानते थे|**

उत्तर:-------------------------------------------------------------------------------

**8. निम्नलिखित में से पर्यायवाची शब्दों का सही युग्म नहीं है-** 1

(क) बाल - केश  (ख) मेहनत - परिश्रम

(ग) पेड़  - वृक्ष  (घ) धूप - दिन

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**9. अपनी माँ से झूठ बोलते समय तोत्तो-चान की नज़रें नीचे क्यों थीं?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

**10. तोत्तो-चान ने यासुकी-चान को ऊपर चढ़ाकर ही दम लिया। इसके लिए उसने क्या-क्या प्रयास किए ?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

**11. तोत्तो-चान किस उद्देश्य से घर से निकली थी?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

**12. आपके अनुसार एक अच्छे मित्र में कौन-कौन से गुण होने चाहिए ?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

**(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)**

**13. दिव्यांगों के प्रति हमारी सोच कैसी होनी चाहिए ? स्पष्ट कीजिए।** 4

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

egyanarchive

# उत्तरमाला

| प्रश्न | दक्षता/उद्देश्य | उत्तर | |
|---|---|---|---|
| | | **(बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| **1.** | स्मरण | **उत्तर:-** (ख) पाठ-अपूर्व अनुभव, लेखक- तेत्सुको कुरियानागी | 1 |
| **2.** | विश्लेषण | **उत्तर:-** (ग) उस स्थान को जहाँ से दो शाखाएँ अलग-अलग होती हैं | 1 |
| **3.** | स्मरण | **उत्तर:-** (क ) जापान | 1 |
| **4.** | विश्लेषण | **उत्तर:-** (घ) कथन (A) और कारण(R) दोनों सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है \| | 1 |
| **5.** | अनुप्रयोग | **उत्तर- (ग)** *यासुकी चान-को तोतोचान- पर पूरा भरोसा नहीं था\|* | 1 |
| | | **(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| **6.** | अनुप्रयोग | **उत्तर:-** (घ) रोजाना | 1 |
| **7.** | अनुप्रयोग | **उत्तर:-** (क) तोत्तो-चान एक दृढ़-संकल्पी लड़की थी\|<br>(ख)बच्चे अपने-अपने पेड़ को निजी संपत्ति मानते थे\| | 1 |
| **8.** | अनुप्रयोग | **उत्तर:- ( घ )** धूप - दिन | 1 |
| | | **(वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| **9.** | स्मरण एवं विश्लेषण | **उत्तर:-** तोत्तो-चान ने यासुकी-चान को अपने पेड़ पर आमंत्रित किया था। यह बात उसने अपनी माँ से छिपाई थी क्योंकि उसे मालूम था कि माँ यह जोखिम भरा कार्य नहीं करने देगी। जब माँ ने उससे पूछा कि वह कहाँ जा रही है तो उसने झूठ कहा कि वह यासुकी-चान से मिलने उसके घर जा रही है। यह कहते समय उसकी नज़रें नीची थीं क्योंकि वह माँ से झूठ बोल रही थी। उसे डर था कि शायद वह माँ से नजरें मिलाकर जब यह बात कहेगी तो उसका झूठ पकड़ा जाएगा। | 2 |
| **10.** | मूल्यांकन | **उत्तर:-** सीढी द्वारा यासुकी-चान को ऊपर चढ़ाने की अपनी प्रथम कोशिश नाकाम होने के बाद, तोत्तो-चान फिर चौकीदार के छप्पर की ओर दौड़कर गई। यहाँ से एक तिपाई-सीढ़ी घसीट लाई। उसने यासुकी-चान को एक-एक पैर सीढ़ी रखने में सहायता की। जब यासुकी-चान तिपाई सीढ़ी के ऊपर पहूँच गया तो तोत्तो-चान ने दुविशाखा पर चढ़कर बड़े परिश्रम से उसे ऊपर खींच लिया जिससे वह विशाखा तक पहुँच गया। | 2 |
| **11.** | स्मरण | **उत्तर:-** तोत्तो-चान अपने पोलियोग्रस्त मित्र यासुकी-चान से मिलने स्कूल जा रही थी। तोत्तो-चान ने उससे वादा किया था कि वह उसे अपने पेड़ पर चढ़ाएगी। इसी वायदे को पूरा करने के लिए वह घर से निकली थी। | 2 |
| **12.** | विश्लेषणात्मक | **उत्तर:-** एक अच्छा मित्र सरल , मदद करने वाला, अच्छा पाठ प्रदर्शक होना चाहिए\| मित्रता बनावटी नहीं होनी चाहिए\| मित्र हमारी खुशी में खुश और हमारे दुखों से प्रभावित होने वाला होना चाहिए\| पीठ पीछे बुराई ना करे<br>इस तरह के अन्य उत्तर भी स्वीकार्य हो\| | 2 |
| | | **(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)** | |
| **13.** | सृजन | **उत्तर:-** विकलांग हमारे समाज के आवश्यक अंग हैं। उन्हें सम्मानपूर्वक जीने का पूरा-पूरा अधिकार है। हमें उन पर सहानुभूति दिखाने के बजाय उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूर्ण कोशिश करना चाहिए। हमें उनके साथ कुछ समय बिताना चाहिए ताकि उन्हें अकेलापन का अहसास न हो। उनके प्रति हमारा विशेष उत्तरदायित्व है। उन्हें सभी प्रकार की सुविधाएँ मिलनी चाहिए।<br>इस तरह के छात्रों की कल्पना शक्ति के अनुसार अन्य उत्तर भी स्वीकार्य हो\| | 4 |
| | | | |